तत्काल

संख्या–385/77–3–15–502एम/14

प्रेषक,

ओम प्रकाश पाठक,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
यूपीडा, पर्यटन भवन,
गोमती नगर,
लखनऊ।

औद्योगिक विकास अनुभाग–3 लखनऊ: दिनांक: 27 मार्च, 2015

विषयः–लखनऊ से आजमगढ़ के रास्ते बलिया तक 06/08 लेन प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे के स्वामित्व एवं निर्माण हेतु यूपीडा के पक्ष में शासनादेश निर्गत करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–2100/यूपीडा/2014/330, दिनांक 23.02.2015 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. पत्र में उल्लेख किया गया है कि लखनऊ से आजमगढ़ के रास्ते बलिया तक 06/08 लेन प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे परियोजना के ''परियोजना विकास परामर्शी'' के चयन की कार्यवाही यूपीडा द्वारा की जा रही है तथा चयनित परामर्शी द्वारा परियोजना के संरेखण हेतु आवश्यक अध्ययन/सर्वे इत्यादित करके प्रस्तावित संरेखण के विभिन्न विकल्पों को चिहिन्त किया जायेगा तथा चिहिन्त संरेखणों का सक्षम स्तर के समक्ष प्रस्तुतीकरण कर अंतिमीकरण किया जायेगा।

3. पत्र में प्रश्नगत परियोजना के स्वामित्व एवं ई0पी0सी0 पद्धति पर कियान्वयन हेतु आवश्यक शासनादेश निर्गत करने के साथ–साथ परियोजना के परामर्शी चयन हेतु ''परामर्शी मूल्याकन समिति'' के गठन सम्बन्धी आवश्यक शासनादेश निर्गत करने का अनुरोध किया है।

4. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि यूपीडा को प्रश्नगत परियोजना के संरेखण हेतु आवश्यक अध्ययन/सर्वे के उपरान्त संरेखण से प्राप्त विभिन्न विकल्पों को चिन्हित करने तथा उनके सक्षम स्तर पर प्रस्तुतीकरण के उपरान्त अंतिमीकरण की कार्यवाही हेतु ''परियोजना विकास परामर्शी'' के चयन एवं चयनित परामर्शी से उपरोक्त कार्य सम्पन्न कराये जाने की स्वीकृत प्रदान की जाती है।

भवदीय,

(ओम प्रकाश पाठक)
विशेष सचिव।

C.E./M(-)

27/6/15

(विश्वजीत राय)
उप मुख्य कार्यालय अधिकारी
उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक
विकास प्राधिकरण (यूपीडा)

संख्या–416 / 77–3–16–502एम / 14

प्रेषक,

डा0 हृषिकेश भास्कर यशोद,
विशेष सचिव,
उ. प्र. शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
यूपीडा, पर्यटन भवन,
गोमतीनगर, लखनऊ।

औद्योगिक विकास अनुभाग–3 लखनऊः दिनांक 04 अप्रैल, 2016

विषयः–''लखनऊ से आजमगढ़ के रास्ते बलिया तक प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना'' 'इन्जीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एण्ड कन्स्ट्रक्सन' (इ0पी0सी0) पद्धति पर विकसित करने एवं यूपीडा को परियोजना का स्वामित्व एवं कियान्वयन हेतु यूपीडा को नोडल एजेन्सी नामित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–2166 / यूपीडा / 2015 / 563, दिनांक 11.01.2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें ''लखनऊ से आजमगढ़ के रास्ते बलिया तक प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना'' को 'इन्जीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एण्ड कन्स्ट्रक्सन' (इ0पी0सी0) पद्धति पर विकसित करने तथा परियोजना का स्वामित्व एवं कियान्वयन हेतु यूपीडा को नोडल एजेन्सी नामित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्नवत् निर्णय लिये गये :–

(1) ''लखनऊ से आजमगढ़ के रास्ते बलिया तक प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना'' की निम्नलिखित रूप–रेखा होगी :–

- परियोजना से आच्छादित जनपद –लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, फैजाबाद, सुल्तानपुर, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर एवं बलिया।
- एक्सप्रेसवे की चौड़ाई (आर.ओ.डब्ल्यू) – 120 मीटर
- कैरिजवे – पूर्णतः प्रवेश नियंत्रित 06 लेन डिवाइडेड कैरिजवे (एक्सपेण्डेबल टू 08 लेन)
- परियोजना के स्ट्रक्चर – 08–लेन (सभी स्ट्रक्चर यथा ब्रिज, आर0ओ0बी0 आदि)
- सर्विस रोड का प्राविधान।

24/6/21

(विश्वजीत राय)
उप मुख्य कार्यालय अधिकारी
उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक
विकास प्राधिकरण (यूपीडा)

- मुख्य यातायात मार्गों हेतु इन्टरचेन्जेज, पदयात्री, वाहनों तथा पशुओं हेतु अण्डरपासेज।
- परियोजना विकास का मॉडल – इन्जीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एण्ड कन्स्ट्रक्सन पद्धति।
- टोल्ड एक्सप्रेसवे।

(2) "लखनऊ से आजमगढ़ के रास्ते बलिया तक प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना" निम्नलिखित 8 पैकेजों में विभाजित की जायेगी :–

| पैकेज संख्या | पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पैकेजों के नाम | अनुमानित लम्बाई (किमी0) | परियोजना के सिविल कार्यों की अनुमानित प्रारम्भिक लागत (रुपये करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| पैकेज–I | बक्कास (जनपद लखनऊ) से सराय चौबे (जनपद बाराबंकी) (किमी. 0.00 से किमी. 43.1) प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना | 43.10 | 1707.00 |
| पैकेज–II | सराय चौबे (जनपद बाराबंकी) से बारादन्द (जनपद अमेठी) (किमी. 43.10 से किमी. 86) प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना | 42.90 | 1481.00 |
| पैकेज–III | बारादन्द (जनपद अमेठी) से गौरा (जनपद सुल्तानपुर) (किमी. 86 से किमी. 130) प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना | 44.00 | 1584.00 |
| पैकेज–IV | गौरा (जनपद सुल्तानपुर) से रतनपुर (जनपद सुल्तानपुर) (किमी. 130 से किमी. 173.50) प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना | 43.50 | 1454.00 |
| पैकेज–V | रतनपुर (जनपद सुल्तानपुर) से ओहनी (जनपद आजमगढ़) (किमी. 173.50 से किमी. 217.90) प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना | 44.40 | 1416.00 |
| पैकेज–VI | ओहनी (जनपद आजमगढ़) से बस्ती (जनपद मऊ) (किमी. 217.90 से किमी. 261.40) प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना | 43.50 | 1555.00 |

24/6/21

(विश्वजीत राय)
उप मुख्य कार्यालय अधिकारी
उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक
विकास प्राधिकरण (यूपीडा)

| | | | |
|---|---|---|---|
| पैकेज—VII | बस्ती (जनपद मऊ) से परसुपुर (जनपद गाजीपुर) (किमी. 261.40 से किमी. 304.50) प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना | 43.10 | 1437.00 |
| पैकेज—viii | परसुपुर (जनपद गाजीपुर) से भरौली (जनपद बलिया) (किमी. 304.50 से किमी. 348.10) प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना | 43.60 | 1436.00 |
| | कुलः | 348.10 | 12070.00 |

(3) ''लखनऊ से आजमगढ के रास्ते बलिया तक प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना'' के आठों पैकेजों हेतु उपरोक्तानुसार सिविल कार्यों की अनुमानित प्रारम्भिक लागत रुपये 12070 करोड़ के आधार पर सम्पूर्ण परियोजना की कुल अनुमानित प्रारम्भिक लागत निम्नवत् होगी :—

(रुपये करोड़ में)

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | परियोजना के आठों पैकेजों के सिविल कार्यों की कुल अनुमानित प्रारम्भिक लागत | – | 12070.00 |
| ii. | कन्टेन्जंसी @ 2.8% | – | 337.96 |
| | कुल | – | **12407.96** |
| iii. | एजेन्सी चार्जेज 3% | – | 372.24 |
| iv. | क्वालिटी कन्ट्रोल चार्जेज @ 0.25% | – | 31.02 |
| v | रोड सेफ्टी आडिट चार्जेज @ 0.25% | – | 31.02 |
| vi | सुपरविजन @ 3% | – | 372.24 |
| vii | मेन्टीनेन्स कास्ट 5 वर्ष @ 8% | – | 992.64 |
| viii | अनुमानित प्रथम वर्ष एडजेस्टमेंट @ 2.5% X 20% | – | 62.04 |
| ix | अनुमानित द्वितीय वर्ष एडजेस्टमेंट @ 7.5% X 40% | – | 372.24 |
| x | अनुमानित तृतीय वर्ष एडजेस्टमेंट @ 12.5% X 40% | – | 620.40 |
| | कुल अनुमानित प्रारम्भिक परियोजना लागत | – | **15261.79** |
| xi | अनुमानित यूटिलिटी शिफ्टिंग तथा ई.आई.ए. क्लीयरेंस | – | 500.00 |
| xii | कुल अनुमानित प्रारम्भिक परियोजना लागत यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित | – | **15761.64** |
| xiii | परियोजना हेतु भूमि की अनुमानित लागत | – | 3675.94 |
| | कुल अनुमानित प्रारम्भिक परियोजना लागत यूटिलिटी शिफ्टिंग, ई.आई.ए. क्लीयरेंस तथा भूमि लागत सहित | – | **19437.73** |

(4) ''लखनऊ से बलिया (वाया आजमगढ़) प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे ग्रीन फील्ड परियोजना'' (पूर्वांचल एक्सप्रेसवे) को 'इन्जीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एण्ड कन्स्ट्रक्सन' (इ0पी0सी0) पद्धति पर विकसित किया जायेगा तथा परियोजना

24/6/21

(विश्वजीत राय)
उप मुख्य कार्यालय अधिकारी
उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक
विकास प्राधिकरण (यूपीडा)

का स्वामित्व एवं क्रियान्वयन हेतु उ0प्र0 एक्सप्रेसवेज़ औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल एजेन्सी इस शर्त के साथ नामित किया जाता है कि यूपीडा द्वारा इस परियोजना के तहत जो परिसम्पत्तियां सृजित की जा रही हैं, का स्वामित्व यूपीडा के पास रहेगा किन्तु यूपीडा इस परिसम्पत्ति के सापेक्ष जब भी कोई ऋण लेगी या बन्धक रखेगी या वित्तीय स्रोत का अर्जन करेगी या किसी अन्य प्रकार के निस्तारण का निर्णय लेगी तो शासन की पूर्वानुमति अवश्य ली जायेगी।

(5) "लखनऊ से बलिया (वाया आजमगढ़) प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे ग्रीन फील्ड परियोजना" (पूर्वांचल एक्सप्रेसवे) का नाम "समाजवादी पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे" होगा।

(6) आर0एफ0पी0 अभिलेख तैयार करने के पश्चात उन्हें न्याय विभाग से विधीक्षित कराकर उन पर नियमानुसार मा0 मंत्रि परिषद का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु शासन को उपलब्ध कराया जाये।

(7) परियोजना के समस्त पैकेजों के लिये निर्माणकर्ताओं का चयन दो चरणों में किया जायेगा। प्रथम चरण में आर0एफ0क्यू0 जारी कर क्वालीफाइड निर्माणकर्ताओं को शार्टलिस्ट किया जायेगा एवं द्वितीय चरण में आर0एफ0पी0 जारी कर निर्माणकर्ताओं का चयन किया जायेगा।

(8) परियोजना का विकास एवं निर्माण इ0पी0सी0 पद्धति पर करने हेतु आवश्यक धनराशि का प्रबन्ध राज्य सरकार के बजट के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से किये जाने पर भी विचार किया जाये।

(9) भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में राजस्व विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों/नियमों/अधिनियमों में प्राविधानित व्यवस्थाओं का अनुपालन करते हुए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही की जाये।

(10) आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना' की भांति शासन स्तर पर पूर्व में पी0पी0पी0 परियोजनाओं हेतु गठित समितियों द्वारा ही परियोजना को इ0पी0सी0 पद्धति पर क्रियान्वयन के लिये समय–समय पर आवश्यक निर्णय लिये जाने एवं संस्तुति प्रदान करने का अधिकार प्रदत्त किया जाता है।

(11) आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना की भांति लखनऊ से बलिया (वाया आजमगढ़) प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे ग्रीन फील्ड परियोजना (समाजवादी पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे) के विभिन्न पैकेजों को इ0पी0सी0 पद्धति पर क्रियान्वयन हेतु तकनीकी स्वीकृति की बाध्यता से इस शर्त के साथ मुक्त किया जाता है कि यूपीडा का तकनीकी सेल, परियोजना के तकनीकी पहलुओं के लिए जिम्मेदार होगा तथा परियोजना

24/6/21

(विश्वजीत राय)
उप मुख्य कार्यालय अधिकारी
उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज़ औद्योगिक
विकास प्राधिकरण (यूपीडा)

निर्माण के कार्यों की तकनीकी पहलुओं का प्रभावी तरीके से मॉनीटरिंग करेगा। तकनीकी सेल यह भी सुनिश्चित करायेगा कि परियोजना का निर्माण निर्धारित गाइडलाइन्स एवं अनुमोदित विशिष्टियों के अनुसार ही किया जाये। यूपीडा के तकनीकी सेल एवं परियोजना हेतु चयनित 'अथारिटी इन्जीनियर' के परस्पर सामंजस्य से परियोजना के कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जायेगी।

(12) प्रश्नगत परियोजना की अनुमानित लागत, जिसका परीक्षण मुख्य अभियन्ता यूपीडा द्वारा किया जा चुका है, का परीक्षण पी0एफ0ए0डी0 से कराने के बाद इसे सचिव समिति के समक्ष (जो व्यय वित्त समिति से वरिष्ठ समिति है) प्रस्तुत कर उन बिन्दुओं पर इसके औचित्य का परीक्षण भी करा लिया जाये जिन बिन्दुओं पर प्रकरण का परीक्षण व्यय वित्त समिति करती है। यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि सचिव समिति में उन विभागों का समुचित प्रतिनिधित्व अवश्य रहे जिनके प्रतिनिधि व्यय वित्त समिति में रहते हैं।

(13) एक्सप्रेसवे के उपयोग हेतु प्राधिकरण अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत एजेन्सी द्वारा टोल चार्ज लिया जायेगा। सन्दर्भगत परियोजना के वित्त पोषण हेतु यूपीडा द्वारा किसी अन्य स्रोत से ऋण लिया जाता है तो एकत्रित टोल से सर्वप्रथम लिए गये ऋण का पुनर्भुगतान किया जायेगा तथा उसके बाद टोल चार्ज प्राधिकृत एजेन्सी द्वारा एकत्रित करके राजकोष में जमा किया जायेगा।

(14) पूर्वान्चल एक्सप्रेस–वे के लिए 08 पैकेजों के आर0एफ0क्यू0 का प्रकाशन दिनांक 18.12.2015 को यूपीडा द्वारा किया जा चुका है और उस पर बिड भी आमंत्रित की जा चुकी है। यूपीडा द्वारा उपरोक्तानुसार प्रकाशित आर0एफ0क्यू0 पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया जाता है।

3. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लखनऊ से बलिया (वाया आजमगढ़) प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे ग्रीन फील्ड परियोजना ''समाजवादी पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे'' परियोजना के कियान्वयन हेतु उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 हृषिकेश भास्कर यशोद)
विशेष सचिव

24/6/21

(विश्वजीत राय)
उप मुख्य कार्यालय अधिकारी
उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक
विकास प्राधिकरण (यूपीडा)